# वाराणसी विकास प्राधिकरण वाराणसी

राजा उदय प्रताप मार्ग पन्ना लाल पार्क वाराणसी-221002

Ph: 0542-2283305/06, Fax: 0542-2283307, E-mail: vdavaranasi@gmail.com, Website:www.vdavns.com


**वाराणसी विकास प्राधिकरण से सम्बन्धित दिनांक 20.09.2024 को वाराणसी शहर में प्रकाशित न्यूज पेपर"अमर उजाला, दैनिक जागरण, दैनिक जागरण आइनेक्स्ट, न्यायाधीश,जनसन्देश टाइम्स, राष्टीय सहारा "समाचार पत्र कटिंग का विवरण।**

## अमर उजाला –दि0 20.09.2024

### रोपवे निर्माण के बाधक पोल व कंडक्टर 30 तक हटाएं विभाग

वाराणसी। रोपवे निर्माण की प्रगति की समीक्षा बृहस्पतिवार को वीडीए में उपाध्यक्ष पुलकित गर्ग ने की। उन्होंने बिजली निगम को पोल व कंडक्टर को हटाने, तार शिफ्टिंग का कार्य 30 सितंबर तक कराने की जिम्मेदारी दी। साथ ही पीडब्ल्यूडी और जल निगम को रोड कटिंग, लाइनों की शिफ्टिंग का काम न कराने पर नाराजगी जताई।

उन्होंने हिदायत दी कि रोपवे के निर्माण में आ रही परेशानियों को जल्द से जल्द दूर कराएं। कैंट रेलवे स्टेशन से गोदौलिया चौराहे तक निर्माणाधीन पब्लिक ट्रांसपोर्ट सिस्टम के रूप में रोपवे की पायलट परियोजना चल रही है। इसके तहत कैंट रेलवे स्टेशन से गोदौलिया चौराहे तक रोपवे स्टेशन एवं टावर का निर्माण कार्य एनएचएलएमएल की ओर से कराया जा रहा है।

रोपवे निर्माण से जुड़े अधिकारियों ने बताया कि संबंधित विभागों को दिए गए काम में देरी के कारण निर्माण कार्य कराने में परेशानी आ रही है।

इस पर वीडीए उपाध्यक्ष ने संबंधित अधिकारियों की कार्यशैली पर नाराजगी जताते हुए हिदायत दी। उन्होंने कहा कि आप लोगों के कारण समय से काम नहीं हो पा रहा है।

बेहतर तरीके से काम करें अन्यथा आपके विभाग को सूचित किया जाएगा। बैठक में वीडीए सचिव वेद प्रकाश मिश्रा, अधीक्षण अभियंता आनंद मिश्रा मौजूद रहे। ब्यूरो

# वाराणसी विकास प्राधिकरण वाराणसी

राजा उदय प्रताप मार्ग पन्ना लाल पार्क वाराणसी-221002

Ph: 0542-2283305/06, Fax: 0542-2283307, E-mail: vdavaranasi@gmail.com, Website:www.vdavns.com

## दैनिक जागरण –दि0 20.09.2024

# रोपवे में बाधक बिजली के पोल को 30 सितंबर तक हटाने का दिया आदेश

जागरण संवाददाता, वाराणसी : विकास प्राधिकरण उपाध्यक्ष पुलकित गर्ग ने रोपवे में बाधक बने बिजली के पोल व कंडक्टर्स को हटाने में देरी को गंभीरता से लिया। उन्होंने विद्युत विभाग को स्पष्ट आदेश दिया कि रोपवे में बाधक बने सभी पोल व कंडक्टर्स को हर हाल में 30 सितंबर तक हटा लिया जाए।



वीडीए उपाध्यक्ष गुरुवार को प्राधिकरण सभागार में रोपवे निर्माण की परियोजना प्रगति की समीक्षा कर रहे थे। कहा कि वाराणसी कैंट रेलवे स्टेशन से गोदौलिया चौराहे तक निर्माणाधीन पब्लिक ट्रांसपोर्ट सिस्टम के रूप में पायलट परियोजना के अंतर्गत गोदौलिया चौराहे तक रोपवे स्टेशन एवं टावर्स के निर्माण कार्य कराया जा रहा है। उन्होंने जल निगम के रोड कटिंग व शिफ्टिंग के दौरान कार्यों में विलंब तथा आ रही समस्याओं पर नाराजगी व्यक्त करते हुए समस्याओं का समाधान जल्द से जल्द करने का निर्देश दिया। बैठक में सचिव वेद प्रकाश मिश्रा, अधिक्षण अभियन्ता आनंद मिश्रा आदि उपस्थित रहे।

## दैनिक जागरण आईनेक्स्ट–दि0 20.09.2024

# रोपवे में बाधक पोल 30 तक हटाएं

VARANASI : विकास प्राधिकरण उपाध्यक्ष पुलकित गर्ग ने रोपवे में बाधक बने बिजली के पोल व कंडक्टर्स को हटाने में देरी को गंभीरता से लिया. उन्होंने विद्युत विभाग को स्पष्ट आदेश दिया कि रोपवे में बाधक बने सभी पोल व कंडक्टर्स को हर हाल में 30 सितंबर तक हटा लिया जाए. वीडीए उपाध्यक्ष गुरुवार को प्राधिकरण सभागार में रोपवे निर्माण की परियोजना प्रगति की समीक्षा कर रहे थे. कहा कि वाराणसी कैंट रेलवे स्टेशन से गोदौलिया चौराहे तक निर्माणाधीन पब्लिक ट्रांसपोर्ट सिस्टम के रूप में पायलट परियोजना के अंतर्गत गोदौलिया चौराहे तक रोपवे स्टेशन एवं टावर्स के निर्माण कार्य कराया जा रहा है. उन्होंने जल निगम के रोड कटिंग व शिफ्टिंग के दौरान कार्यों में विलंब तथा आ रही समस्याओं पर नाराजगी व्यक्त करते हुए समस्याओं का समाधान जल्द से जल्द करने का निर्देश दिया. बैठक में सचिव वेद प्रकाश मिश्रा, अधिक्षण अभियन्ता आनंद मिश्रा आदि उपस्थित रहे.

# वाराणसी विकास प्राधिकरण वाराणसी

राजा उदय प्रताप मार्ग पन्ना लाल पार्क वाराणसी-221002

Ph: 0542-2283305/06, Fax: 0542-2283307, E-mail: vdavaranasi@gmail.com, Website:www.vdavns.com


जनसंदेश टाइम्स–दि0 20.09.2024

# अवैध निर्माण और बेसमेंट में रेस्टोरेंट पर वीडीए सख्त

## दी चेतावनी

**सात दिन में संचालन बंद करने,अवैध निर्माण हटाने का दिया निर्देश**

वाराणसी। शहर में अवैध निर्माण और बेसमेंट का व्यवसायिक उपयोग पर वीडीए इन दिनों सख्त है। अभियान चलाकर जहां जांच कर रहीं है ,वहीं कारवाई भी कर रहीं है। इसको लेकर वीडीए की टीम सोमवार को अचानक सिगरा वार्ड में पहुंचा। जहां पार्किंग में रेस्टोरेंट का संचालन और द्वितीय तथा तृतीय तल का किये गये अवैध निर्माण को देखा और पूछताछ की। जिसमें पार्किंग में रेस्टोरेंट चलाने और तीसरे तल पर बिन नक्शा पास कराये ही निर्माण कराकर फंक्शन हॉल का संचालन किये जाने पर रोक लगा दी। वीडीए सचिव डा. वेद प्रकाश मिश्रा




एव नगर नियोजंक प्रभात कुमार, जोनल अधिकारी सौरभ प्रजापति ने संयुक्त रूप से जहां स्थलीय निरीक्षण किया। इस दौरान अधिकारियों ने एक तल के अतिरिक्त अन्य तलों के अवैध निर्माण को हटाये जाने और भवन के बेसमेंट में संचालित रेस्टोरेंट को बंद कर पार्किंग के रूप में उपयोग किये जाने के लिए जहां 7 दिनों का मोहलत दिया ,वहीं समय अवधि बीतने के बाद सख्त कारवाई किये जाने की चेतावनी दी।

## न्यायाधिश–दि0 20.09.2024

### वाविप्रा उपाध्यक्ष ने की रोपवे निर्माण की परियोजना में प्रगति की समीक्षा



वाराणसी।वविप्रा उपाध्यक्ष पुलकित गर्ग की अध्यक्षता में 19 सितम्बर को प्राधिकरण सभागार में रोपवे निर्माण की परियोजना प्रगति की समीक्षा की गयी। वाराणसी कैण्ट रेलवे स्टेशन से गोदौलिया चौराहे तक निर्माणाधीन पब्लिक ट्रांसपोर्ट सिस्टम के रूप में रोप.वे की पायलट परियोजना अन्तर्गत कैण्ट रेलवे स्टेशन से गोदौलिया चौराहे तक रोप.वे स्टेशन एवं टावर्स के निर्माण कार्य एन0एच0 एल0एम0एल0 द्वारा कराये जा रहे कायी के गहन समीक्षा की गयी। इसमीक्षा में विधुत विभाग, जलकल, जलनिगम, के अधिकारीगण उपस्थिति रहे। बैठक के दौरान वि0डी0ए उपाध्यक्ष ने आज विधुत विभाग को रोपवे के कार्य में आने वाले पोल व कंडक्टर्स को हटाने तार शफिटिंग का काम 30.09.2024 तक कराने का निर्देश दिया है,इ पी0डब्लू0डी व जलनिगम के रोड कटिंग व शफिटिंग के दौरान कायी में विलम्ब तथा आ रही समस्याओं पर नाराजगी व्यक्त करते हुवे समस्याओं का सामाधान जल्द से जल्द करने हेतु निर्देशित किया गया। बैठक के दौरान वी0डी0ए सचिव वेद प्रकाश मिश्रा, अधिक्षण अभियन्ता आनंद मिश्रा, उपस्थित रहे।

## राष्ट्रीय सहारा–दि0 20.09.2024

### रोप-वे : 30 सितंबर तक तार शिफ्टिंग का काम पूरा कर ले बिजली विभाग

वाराणसी (एसएनबी)। वीडीए उपाध्यक्ष पुलकित गर्ग की अध्यक्षता में प्राधिकरण सभागार में रोपवे निर्माण की परियोजना प्रगति की समीक्षा की गयी। बैठक के दौरान वीडीए उपाध्यक्ष ने आज विद्युत विभाग को रोपवे के कार्य में आने वाले पोल व कंडक्टर्स को हटाने तार शिफ्टिंग का काम 30 सितंबर 2024 तक कराने का निर्देश दिया है। पीडब्लूडी व जलनिगम के रोड कटिंग व शिफ्टिंग के दौरान कार्यों में विलम्ब तथा आ रही समस्याओं पर नाराजगी व्यक्त करते हुए समस्याओं का सामाधान जल्द से जल्द करने के लिए निर्देशित किया गया। बैठक के दौरान वीडीए सचिव वेद प्रकाश मिश्र, अधिक्षण अभियन्ता आनंद मिश्रा आदि उपस्थित रहे।